# राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर वीयू में सेवा सप्ताह का सफल आयोजन




जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 6 से 12 जनवरी 2026 तक सेवा सप्ताह का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व, स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता, नशामुक्ति तथा राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

सेवा सप्ताह का आयोजन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. राजेश कुमार शर्मा, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर तथा डॉ. आदित्य मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण की विशेष सहभागिता रही।

कार्यक्रम के संयोजक के रूप में डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. रणबीर सिंह जाटव एवं डॉ. एस. एम. त्रिपाठी ने समस्त गतिविधियों का कुशलतापूर्वक संचालन किया। सेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। "स्वदेशी दौड़" कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रणबीर सिंह जाटव द्वारा किया गया। स्वच्छता अभियान का समन्वय डॉ. देवेंद्र गुप्ता एवं डॉ. निर्मला मुवेल द्वारा किया गया।




निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन पशु चिकित्सा विभाग में डॉ. अमिता तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम का समन्वय डॉ. अर्पणा रायकर द्वारा किया गया। नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन पशु चिकित्सा विभाग में डॉ. शशि प्रधान के नेतृत्व में किया

गया, जिसमें डॉ. अमृता शुक्ला (फिजिशियन), डॉ. नीकेश जैन (डेंटिस्ट), नीरज जैन (ऑप्टोमेट्रिस्ट) एवं श्री सुमित शुक्ला ने प्रमुख भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

प्रमाण–पत्र वितरण हेतु मूल्यांकन कार्य डॉ. शिल्पा गजभिये द्वारा संपन्न कराया गया। नशामुक्ति अभियान जागरूकता कार्यक्रम का संचालन डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। सेवा सप्ताह के दौरान आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक (स्ट्रीट प्ले) में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में छात्र प्रतिनिधि के रूप में डॉ. शशांक विश्वकर्मा, डॉ. तनु शर्मा एवं डॉ. सोनल दीक्षित का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर माननीय कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा ने कहा कि "राष्ट्रीय युवा दिवस एवं सेवा सप्ताह जैसे आयोजन युवाओं को समाज के प्रति संवेदनशील बनाते हुए उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। वहीं अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से ही ऐसे सामाजिक कार्यक्रम सार्थक सिद्ध होते हैं। समग्र रूप से यह सेवा सप्ताह विश्वविद्यालय के लिए एक प्रेरणादायी, अनुकरणीय एवं समाजोपयोगी पहल सिद्ध हुआ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर